# साहित्य अकादमी का अस्मिता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी की ओर से हिंदी की तीन प्रमुख कथाकार जयंती रंगनाथन, रेनू यादव एवं सविता पांडेय के साथ 'अस्मिता' कार्यक्रम का आयोजन साहित्य अकादमी सभाकक्ष में किया गया। सुश्री सविता पांडेय ने अपनी कहानी 'ड्रीम गर्ल' प्रस्तुत की जो एक नर्तकी के मनोभावों और बाजारीकरण की संस्कृति के द्वंद्व पर आधारित थी। रेनू यादव ने अपनी कहानी 'किवाड़' में पितृसत्तात्मक समाज में एक स्त्री की स्थितियों को उद्‌घाटित किया, जबकि जयंती रंगानाथन ने अपनी कहानी 'काली टाई वाली औरत' का पाठ किया जो आधुनिक समय में मोबाइल के प्रयोग के एडिक्शन पर आधारित था, जिसे उन्होंने बहुत ही रोचकता के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लेखक एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन अकादमी के उपसचिव डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश द्वारा किया गया।

■ तीन कथाकारों ने अपनी-अपनी कहानी का पाठ किया